**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 137/07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/06-परीक्षा/2026**

लखनऊ : दिनांक : 02 जुलाई, 2026

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2026, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/07 के अंतर्गत कृषि निदेशालय के नियंत्रणाधीन प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के कुल रिक्त 2759 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि 22.05.2026 तथा आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 11.06.2026 थी।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कुल रिक्त 2759 पदों के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 में वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिए समस्त श्रेणियों हेतु निर्धारित कट-ऑफ 0.24 अंक से कम अंक प्राप्त करने वाले 02 अभ्यर्थियों को छोड़कर शार्टलिस्ट हो रहे समस्त 63693 अभ्यर्थियों के परिणाम को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-06-परीक्षा/2026, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025)/07 के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 63693 अभ्यर्थियों के परिणाम को आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।

Downloaded from www.governmentjobpostings.com